# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।



मंगलवार, 23 जुलाई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 281, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए


# सदन में गूंजा बलौदाबाजार हिंसा का मामला, विपक्ष ने लाया स्थगन प्रस्ताव

## अग्राह्य होते ही मचा हंगामा, नारेबाजी के बीच कार्यवाही हुई स्थगित



**रायपुर।** बलौदाबाजार हिंसा मामले पर सदन में हंगामा मच गया. विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर चर्चा के दौरान पक्ष-विपक्ष में तीखी नोक-झोंक हुई. विधानसभा अध्यक्ष के स्थगन को अग्राह्य करते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी. आखिरकार विपक्ष के नारेबाजी और हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई.

नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि छत्तीसगढ़ की आस्था, प्रतीक को तोड़ने का काम किया है. प्रदेश की समरसता और भाईचारा को खत्म करने का षडयंत्र हुआ है. राज्य की शांति भंग हुई है. हिंसा का वातावरण बना है. समाज को बांटने का काम हुआ है. मेरी जानकारी के मुताबिक कई संगठनों से अब तक 168 लोगों की गिरफ्तारी हुई है. हम सदन के माध्यम से यह जानना चाहते हैं कि कौन ऐसे लोग जो छत्तीसगढ़ की सद्भावना को मिटाना चाहते हैं. हम इस पर चर्चा की मांग करते हैं.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि बलौदाबाजार की कंपोज़िट बिल्डिंग में आगजनी की गई. सतनामी समाज के जैतखंभ को नुक़सान पहुँचाने से विवाद शुरू हुआ. सतनामी समाज के आक्रोश के बाद एफ़आईआर दर्ज की गई. बिहार के तीन मज़दूरों को गिरफ़्तार किया गया. समाज में आक्रोश बढ़ता गया. समाज ने कहा कि कोई व्यक्ति सिर्फ़ मज़दूरी नहीं मिलने से जैतखंभ को नुक़सान नहीं पहुँचा सकता. समाज ने सीबीआई जाँच की माँग की.

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज ने आंदोलन की अनुमति मांगी थी. राज्य के बाहर से भी लोग आये. नागपुर से भी लोग पहुँचे. दस हज़ार से ज़्यादा लोग जुटे थे. एसपी-आईजी, कलेक्टर कोई मौजूद नहीं था. सभा स्थल पर ज्ञापन लेने कोई अधिकारी नहीं आया. एसपी-कलेक्टर की भूमिका संदेहास्पद है. भोजन और टेंट की व्यवस्था कलेक्टर ने की थी. भूपेश बघेल ने कहा कि 15 मई से 10 जून तक का वक़्त बड़ा होता है. समाज के आक्रोश को कम किया जा सकता था. देश के इतिहास में कभी कलेक्टर कार्यालय में आगज़नी नहीं हुई. ये घटना एक धब्बा है. सफ़ेद कपड़ा पहने लोगों को पुलिस ने उठाया. दुर्भावना में पुलिस काम कर रही है. भाजपा विधायक मोतीलाल साहू का भतीजा भी सिर्फ़इसलिए पीटा गया क्योंकि उसने सफ़ेद कपड़ा पहना था.

कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा कि शैलेंद्र बंजारे नाम के युवा को पुलिस ने उठाया. वह घटना स्थल पर मौजूद ही नहीं था. फिर भी उसे हिरासत में लिया गया. इसी तरह हिरासत में लेने दीपक मीरी के घर पुलिस पहुँची. तीन महीने पहले ही वह मर चुका था. भाजपा ने षड्यंत्रपूर्वक लोगों को हिरासत में लिया है. कांग्रेस विधायक कविता प्राणलहरे ने कहा, एक बिहारी को मुजरिम बनाकर ला कर खड़े कर दिया गया. आंदोलन हुआ तो हज़ारों की भीड़ में पाँच सौ पुलिस भी नहीं थी. हम सदन में न्याय की मांग करते हैं. वहीं पूर्व मंत्री अनिल भेड़िया ने कहा कि निर्दोष लोगों को मुजरिम बनाकर जेल भेजा जा रहा है. पूर्व मंत्री कवासी लखमा ने कहा कि हम नारा लगाते हैं कि सबले बढ़िया छत्तीसगढ़िया, लेकिन बलौदाबाज़ार का कलेक्टर ऑफिस भी सुरक्षित नहीं. कलेक्टर-एसपी इस घटना के जिम्मेदार हैं. साय सरकार ने दोनों को निलंबित कर दिया. इन लोगों को जेल भेज देना चाहिए. कांग्रेस विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि अंग्रेजों की पुलिस जिस तरह से काम करती थी, वैसा ही काम पुलिस ने किया है. गृहमंत्री विजय शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह कहना गलत कि अमरगुफा घटना पर करवाई नहीं हुई. यह भी कहना गलत कि ज्ञापन लेने अधिकारी मौजूद नहीं थे. 40 पुलिस कर्मचारी घायल हुए, 14 केस दर्ज हुए हैं. गृहमंत्री के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य किया. इससे पहले भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया. उन्होंने कहा कि इसी सदन में खाद्य विभाग के सवाल को न्यायालय में लंबित होने के आधार पर नहीं सुना गया था. बलौदाबाजार की घटना पर न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है. ऐसे में इस मामले को सदन में उठाये जाने पर आसंदी अपनी व्यवस्था दें. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि न्यायिक जांच आयोग का जांच का दायरा काफ़ी विस्तृत होता है. हाईकोर्ट के जस्टिस की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया है. कंडिका 7 में लिखा गया है कि ऐसे मामलो की चर्चा नहीं हो सकती, जो न्यायालय में लंबित है. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि नियमों में यह स्पष्ट है कि अध्यक्ष अपने विवेक से अनुमति दे सकते हैं. अध्यक्ष की अनुमति से न्यायालय में प्रक्रियाधीन विषय पर चर्चा की जा सकती है. जांच आयोग का क्षेत्र सीमित है. बलौदबाजार की घटना में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय में आगज़नी हुई. तोड़फोड़ किया गया. पहले भी न्यायिक और अर्ध न्यायिक प्रकरणों पर सदन में चर्चा होती रही है. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि घटना घटी ही क्यों? इसकी पृष्ठभूमि की चर्चा भी आएगी. घटना से संबंधित सभी विषय जांच में आयेंगे. इसलिए सदन की परंपरा को ध्यान में रखते हुए इस पर चर्चा नहीं कराई जाई. कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि झीरम घाटी, नसबंदी कांड पर न्यायिक जांच गठित की गई थी, लेकिन उस पर भी सदन में चर्चा की गई थी.

### सदन में उठा मुद्दा, राज्य में शिक्षकों की भारी कमी

विधानसभा मानसून सत्र के पहले ही दिन प्रदेश में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठा। चौंकाने वाली बात है कि रायपुर जिले में ही शिक्षकों के 1954 पद खाली होने की बात सदन में सामने आई है, इन रिक्त पदों की पूर्ति कब तक होगी, राज्य सरकार इसमें कोई स्पष्ट जवाब सदन में नहीं रख पाई। स्कूलों में शिक्षकों की संख्या को लेकर उठे सवाल का जवाब स्कूल शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिया। उन्होंने सदन को बताया कि रायपुर जिले में 7939 शिक्षकों के पद हैं। इनमें 1954 पद खाली हैं। सीएम ने बताया कि पदोन्नति की प्रक्रिया के तहत इन पदों को भरा जा रहा है।

### वस के दिवंगत पूर्व सदस्यों को दी गई श्रद्धांजलि

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन की कार्यवाही 5 दिवंगत पूर्व विधानसभा सदस्यों को श्रद्धांजलि देने के साथ शुरू हुई. दिवंगत सदस्य मकसूदन लाल चंद्राकर, अमीन साय, लक्ष्मी प्रसाद पटेल, अग्नि चंद्राकर और अंतु राम कश्यप के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को याद किया विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सदस्यों के निधन को राजनीति और समाज के लिए अपूर्णीय क्षति बताया. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व सदस्यों के निधन पर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी. इसके साथ नेता-प्रतपिक्ष डॉ. चरण दास महंत ने भी श्रद्धांजलि देते हुए उनके साथ बिताए पलों को याद किया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपनी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दिवंगत पूर्व सदस्यों के साथ एक पारिवारिक संबंध रहा है. उनका जाना हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है.

### किसान की मौत पर डिप्टी सीएम और भाजपा विधायक में तीखी बहस, सदन की कार्यवाही हुई स्थगित

बिरकोना में किसान की मौत के मामले में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और भावना बोहरा ध्यानाकर्षण लेकर आए. नारेबाजी के बीच प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा और भाजपा विधायक अजय चंद्राकर के बीच तीखी बहस हुई. विपक्ष के नारेबाजी और डिप्टी सीएम और भाजपा के वरिष्ठ विधायक के बीच तीखी बहस के बीच सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई. बिरकोना में किसान की मौत के मामले में अजय चंद्राकर और भावना बोहरा ने ध्यानाकर्षण लाते हुए सवाल किया कि किसान ने आत्महत्या की या हत्या. क्योंकि शरीर में चोट के निशान थे, जिसका पीएम रिपोर्ट में जिक्र नहीं है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से तीखे बहस के बीच भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने पिपरिया थाना स्टाफको हटाने की मांग कर रहे थे. गृह मंत्री के मांग को अस्वीकार कर दिया. इसके साथ ही आसंदी ने सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.झ

### अयोध्या राम मंदिर दर्शन पर महंत ने उठाया सवाल

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन ही विपक्ष तीखे तेवर दिखा रहा है। सदन में आज शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने साय मंत्रिमंडल के अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन पर सवाल उठाए। रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मानसून सत्र के पहले दिन ही विपक्ष तीखे तेवर दिखा रहा है। सदन में आज शून्यकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने साय मंत्रिमंडल के अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन पर सवाल उठाए।

## गुरु के प्रति अर्पण, समर्पण, प्रेम ,भाव -भक्ति का पर्व गुरुपूर्णिमा...





**रायपुर (नांदगांव टाइम्स)।** माँ कामाख्या के साधक ,दस महाविद्याओं के उपासक युग दृष्टा सद्गृहस्थ संत श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) के मंगल संनिध्य में गुरु,शिष्य का पवित्र पर्व गुरु पूर्णिमा का महापर्व उत्सव मारुति मंगलम गुढियारी में अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया ,महर्षि वेदव्यास जी के जन्मदिन के साथ-साथ सभी शिष्यों के लिए यह महापर्व होता है। गुरुजी महर्षि वेदव्यास के जन्मदिन की सभी को बधाई देते हुए यह बताएं कि

आनंदपूर्वक जीवन जीने के लिए गुरु की आवश्यकता होती है आषाढ़ माह की पूर्णिमा जब बादल चारों तरफ रहते हैं उस समय पूर्णिमा के चांद में ही गुरु है और बादल शिष्य है ,पूर्णिमा अर्थात पूर्ण रूप से मां उस मां से हर चीज सीखा जा सकता है माता की तरह वात्सल्य होता है अपने ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित करते हैं आने वाला समस्या आगे बढ़कर झेलता है गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरु से मिलना चाहिए यह शास्त्र का आदेश है, 365 दिन में एक दिन गुरु से मिलने का दिन होता है उसमें भी अगर तर्क देकर छोड़ दे फिर उनके साथ भी वही हो जाता है, गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्य पर गुरु की नजर पड़े ना पड़े लेकिन भगवान शिव देखते हैं शिष्य का धर्म, और आशीर्वाद देते है। गुरु की नजरे भी उसे दिन शिष्य को ढूंढती है।जिनके उत्तर शास्त्रों में भी नहीं है ऐसे समय में गुरु के पास जाए तर्क ना करें समस्या रखें गुरु जो उत्तर देते हैं वही शास्त्र बन जाता है , जैसे गीता , उपनिषद, उप-पास , निः -श्रद्धा ,सद- बैठना, गुरु के पास श्रद्धापूर्वक बैठना। जितने भी शास्त्र है वह किसी गुरु, ऋषि ,महर्षि के द्वारा ही दिया गया उत्तर है, गीता में भी भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उत्तर देते हैं, जिसके पास बैठने से शांति मिलती है, जो स्थितप्रज्ञ हो,जिनके चेहरे में प्रसन्नता हो,जिनके पास बैठने से मन को शांति मिले,जिनके पास बैठने की इच्छा बार बार होता रहे,शीतलता हो वह गुरु होता है। प्रवृत्ति बदल जाने पर पूज्य हो जाते हैं परेशानी में रहने पर भी गुरु के समीप रहो विकारों को तोड़ो यह रामजी सिखाएं। जीवन में हर चीज नीति-निर्धारक होती है,जब कोई चीज समझ न आए तब गुरु से पूछा जाए गुरु आज की नहीं कल का भी देखते हैं। जिस समय आत्मदेव की संतान नहीं होती वह आत्महत्या करने जाते हैं लेकिन जब देखते हैं की संत महात्मा पानी पीने जा रहे हैं तब रुक जाते हैं, महात्मा जल पीने से पहले ही आत्मदेव से पूछ लिए क्यों दुखी हो? आत्म देव संतान प्राप्ति की इच्छा किए महात्मा ने मना किया तुम्हें संतान से कोई सुख नहीं है , तुम्हारे लिए भगवान कुछ और सोचे है लेकिन महात्मा के बोलने के बाद भी जिद में बैठ गए तो महात्मा ने प्रसाद दे दिया जिद करके पूरा किया गया तब संतान होने पर और दुखी हुए। आगे के लिए क्या होगा यह सब गुरु को पता होता है गुरु गाइडलाइन देने के अलावा हमें संभालते भी हैं निवारण भी करते हैं ,गुरु की तीन विशेषताएं होती हैं आधार, मध्य और ऊपर। यश, मान , पद,प्रतिष्ठा सब कुछ गुरु ही प्रदान करते हैं ,आधार वाला नीचे नहीं जाने देते मध्य वाला साथ होते हैं और ऊपर वाला हमें जीवन में ऊंचाई प्रदान करते है,पद प्रतिष्ठा दिलाते है। शिष्यव जिनके लिए हम शिष्य तो है जीवन को सुखी और जीवंत और बैलेंस में कैसे बनाया जाए यह सब कुछ प्रदान करते हैं ।

## नगर के शिवालयों में भोलेनाथ के जयकारे

### प्रथम सावन सोमवार मंदिरों में उमड़ी श्रधालुओ की भीड़



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रथम सावन सोमवार धर्मनगरी के शिवालयों में भोलेनाथ के भक्तजनों ने भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर संसार के रचियता भगवान् शंकर से अपने व परिवार के लिए मनोवांछित फल की कामना करते आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के थाना चौक पिप्लेश्व 'महादेव, नीचे मंदीर स्थित शिव मंदीर जटाशंकर महादेव, रेलवे लोको शेड के पास मंदीर, रेलवे चौक शिव मंदीर, छिरपानी स्थित गणेश महादेव मंदीर सहित मुक्तिधाम स्थित मोहनी बाबा शिव मंदीर में प्रातः काल से बिना रुकावट बारिश के बीच भक्तजन बेलपत्र पूजा सामग्री ले भगवान् के दर्शन को लालायित दिखे। वहीं मुक्तिधाम स्थित मोहनी बाबा शिव मंदीर के सदस्यों की उपस्थिति में भंडारपुर रामायण मंडली के द्वारा प्रत्येक सोमवार को रामायण का आयोजन व प्रसादी वितरण किये जाने की जानकारी दी।

### भारतीय मजदूर संघ का आज स्थापना दिवस समारोह




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** देश के कर्मचारियों व मजदूरों के सबसे बड़े संगठन भारतीय मजदूर संघ का कल 23 जुलाई को स्थापना दिवस समारोह जोरदार ढंग से मनाया जायेगा। इस दौरान जहॉ श्रमिकों की गोष्ठी होगी वही सार्वजनिक सभा का भी आयोजन किया गया है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुये बताया कि समारोह का आयोजन दोपहर 12 बजे महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित किया गया है। समारोह में गोष्ठी होगी जिसे भामसं के विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, प्रदेश भामसं कार्यसमिति के सदस्य सुदर्शनदास मानिकपुरी, अल्का बारसागढ़े, जिला उपाध्यक्ष गजानंद मिश्रा व जिले की महिला प्रमुख भारती शर्मा सहित अन्य लोग अपने विचार रखेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई सन् 1955 को देश के प्रख्यात चिंतक व विचारक मान. दंतोपंत ठेंगड़ी ने की थी, अपने स्थापना के तीन दशक बाद ही भारतीय मजदूर संघ वामपंथियों सहित तमाम स्थापित ट्रेड यूनियनों को पीछे करते हुये प्रथम क्रमांक पर आया, जो आज भी अनवरत् पहले नंबर की ट्रेड यूनियन बनी हुई है। विज्ञप्ति में जिले के कामगारों से स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## भक्त तो बस परमात्मा को प्यार करते है और परमात्मा के ऐहसास में जीवन जीते है- आडवानी

### लालबाग में इंग्लिश मिडियम समागम संपन्न



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से 21 जुलाई 2024 रविवार को संयोजक स्तरीय इंग्लिश मिडियम समागम का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन, लालबाग राजनांदगांव में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रायपुर से पधारे परम पूज्य महात्मा निखिल आडवानी जी ने बताया कि इंग्लिश मिडियम समागम की नींव 1973 में मंसुरी कॉन्फ्रेन्स के समय सद्गुरू बाबा, गुरूबचन सिंह जी महाराज ने रखी थी उसके बाद बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने 2010 में इंग्लिश मिडियम पढ़ने वाले बच्चों का साप्ताहिक सत्संग अंग्रेजी में होने लगा। आज सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज खुद भी अंग्रेजी भाषा की अच्छी जानकार है और देश-विदेश में जितने भी निरंकारी सत्संग भवन है वहा हर जोन में संयोजक स्तरीय और जोनल स्तरीय इंग्लिश मिडियम समागम का आयोजन सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के द्वारा किया जा रहा है। अंग्रेजी भाषा को आज इंटरनेशनल भाषा का दर्जा दिया गया है यह भाषा लगभग हर देश में बोली जाती है आज निरंकारी मिशन में सत्संग भवनों में छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े भाई-बहन अंग्रेजी भाषा में सद्गुरू माता के विचार, गीत, कविताएं एवं भजन आदि को बहुत ही सुन्दर तरीके से सत्संग भवनों में बताये जाते है। माता जी प्रवचनों में कहा करती है कि भक्त का जीवन एक मुकम्मल इंसान का जीवन होता है ऐसा इंसान हर एक में उस तरह का व्यवहार करता है जैसा वास्तव में खुद वह है कोई दिखावा नही बल्कि उसके अंदर इंसानियत ही होती है जो बाहर भी झलकती है। भक्त तो बस परमात्मा को प्यार करते है और परमात्मा के ऐहसास में जीवन जीते है। यह जानकारी मिडिया प्रभारी मदनलाल नवलानी ने दी।

### दीपक बुद्धदेव ने लोहाणा महाजन ट्रस्ट के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाईम्स)।** प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोहाणा समाज के वर्तमान अध्यक्ष दीपक बुद्धदेव ने लोहाणा महाजन ट्रस्ट 1975 के विधान पर असंतोष प्रगट करते हुए नयायालय के समक्ष प्रकरण विचाराधीन हेतु दिया है, जबकि दीपक बुद्धदेव स्वयं लोहाणा समाज के वर्तमान अध्यक्ष है, परंतु मिली जानकारी के अनुसार लोहाणा समाज पंजीकृत नही है, जबकि लोहाणा महाजन ट्रस्ट 1975 पंजीकृत है और दीपक बुद्धिदेव इनके सदस्य नहीं है।

लोहाणा महाजन ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष संजय भोजाणी से जब इस संवाददाता ने फोन पर चर्चा किया तो श्री भोजाणी ने स्वीकार किया कि दीपक बुद्धदेव ने न्यायालय में प्रकरण दर्ज कराया है।

### गुरूपूर्णिमा के पर्व पर गायत्री विद्या मंदिर में यज्ञ हवन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कार युक्त शिक्षा में अग्रणी गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचन बाग में गुरूपूर्णिमा का पावन पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। शाला की वरिष्ठ शिक्षिका रमा तिवारी ने बच्चो को गुरू का जीवन में महत्व बताते हुऐ कहा कि सदैव गुरू का सम्मान करे उनके बताये मार्ग पर चले तो सफलता अवश्य प्राप्त होगा। विद्यालय के सभी शिक्षको ने आशीर्वाद स्वरूप बच्चों पर अक्षत और पुष्प वर्षा की और तिलक लगायें। बच्चों ने गुरूजनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भारतीय परम्परा अनुसार सभी बच्चों को गायत्री मंत्र की आहुति के साथ साथ यज्ञ हवन करवाया गया।

# बालिका वर्ग में दादर नागर ने गोवा को और हॉकी महाराष्ट्र ने राजस्थान को पराजित किया

## बालक वर्ग में मध्यप्रदेश,ने गुजरात को हॉकी महाराष्ट्र ने गोवा को और मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को पराजित किया, वेस्ट जोन जूनियर हॉकी प्रतियोगिता




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा दुसरी वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के प्रथम मैच में दादर नागर हवेली ने गोवा हॉकी को 5-0 गोलो से पराजित किया दादर नागर हवेली ने अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया दादर नागर हवेली की ओर से निधि ने व अनिता देवी ने 2-2 गोल किये वंही संजना भंवर ने 1 गोल किया दूसरे खेले खेले गए मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने हॉकी राजस्थान को 11-0 गोलो से पराजित किया हॉकी महाराष्ट्र की ओर से टीम के कप्तान सनिका चंद्रकांत माने ने 5 गोल सुकन्या धौरे ने 4 गोल खुशी ने 1 गोल तनुश्री दिनेश कडू ने 1 गोल की हॉकी राजस्थान किया हॉकी राजस्थान के खिलाड़ी गोल करने का लगातार प्रयास करते रहे किन्तु उन्हें कोई सफ्लता नही मिली और वह यह मैच 11-0 से हार गई।

बालक वर्ग में खेले गए पहले मैच में हॉकी मध्यप्रदेश ने गुजरात को एकतर्फे मुकाबले में 15-0 गोलो से पराजित किया मध्यप्रदेश की टीम ने सुरुवती समय से आक्रमक पारी का खेल का प्रदर्शन किया हॉकी मध्यप्रदेश की ओर से कारण हरिषभाई राठौड़ व आयुष रजाने ने 2-2 गोल, गेना मेमन ने 3 गोल, जानिस चौहान ने 5 गोल और राहुल कोइरी, आदित्य परमार,व कृशकुमार पटेल ने 1-1 गोल किया बालक वर्ग में खेले गए दूसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र ने गोवा को एकतर्फे 13-0 गोलो से पराजित किया हॉकी महाराष्ट्र की टीम के खिलाड़ियों ने सुरुवती समय से ही अटैकिंग पारी खेलते हुए मैच के सुरुवती समय से गोल दागने लग गए हॉकी महाराष्ट्र की ओर से शॉन बेनेडिक्ट डी मेलो ,कार्तिक रमेश पात्रे ने 1-1 गोल, जाधव शुभम, अर्जुन संतोष हरगुडे ने 2-2 गोल गौरव बाबूराव पाटिल ने 4 और संतोष रमेश बिराजदर ने 3 गोल किया।

आज खेले गए बालक वर्ग के तीसरे मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने हॉकी राजस्थान को 11-0 गोलो से पराजित किया छत्तीसगढ़ हॉकी खिलाड़ियों ने अपने प्रतिद्वंदियों को गोल करने का एक भी मौका नही दिया मेजबान टीम ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया छत्तीसगढ़ हॉकी की ओर आनन्द कुमार व मोहित नायक ने 3-3 गोल, देवेंद्र यादव, प्रकाश पटेल ने 2-2 गोल और टीम के कप्तान कारण साहू ने 1 गोल किया।

मैच के पूर्व रेणु शर्मा,पूर्व पार्षद एवम पूर्व सदस्य जिला उपभोक्ता फोरम,अश्वनी ठाकुर अध्यक्ष जिला बैडमिंटन संघ,सी.एम.एच.ओ. डॉ. नेतराम नोरतन,सोनू भाटिया समाज सेवी,शैंकी बग्गा समाज सेवी, डॉ. बी एल तुलावी, डी.आई.ओ. रेखा पदम अंतर्राष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी,गुरजिंदर ग्रेवाल,समाज सेवी, शेखर मेश्राम, फ़िरोज़ अंसारी, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी सचिव आयोजन समिति,भूषण सॉव,नीलमचंद जैन,मृणाल चौबे,शिवनारायण धकेता,अनुराज श्रीवास्तव शिवा चौबे,ने मैदान के बीच पहुच कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में खेले जा रहे मैचो में बालिका वर्ग में मैन ऑफ द प्लेयर का पुरूस्कार पहले मैच में दादर नागर हवेली के अनिता देवी को दुसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र की सनिका चंद्रकांत माने को बालक वर्ग में पहले मैच में मध्यप्रदेश के अलमज़ खान को दुसरे मैच में हॉकी महाराष्ट्र के रवि परेश बरडिया.को एवं तीसरे मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के प्रकाश पटेल को उपस्थित अतिथियों द्वारा पुरूस्कृत किया गया।




## चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कुल मे ग्रीन डे

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कुल मे शनिवार को संस्था प्रमुख अनिल रुपलानी के मार्गदर्शन मे मनाया गया ग्रीन डे जिसमे बच्चों को पर्यावरण से जोड़ते हुए कक्षा केजी 1 व 2 के सभी बच्चे जिसमे अयान मेश्राम, आर्यन कांदे, रक्षा गुप्ता, नवयता कुम्भकार, पियूषा गौतम, प्रिशा वैष्णव ,डिम्पल सोनी, भूमि वान्या साहू ,आव्या पंसारी, अविका कुंवर, आरव चक्रधारी, अनय गुप्ता, आयुष, मान्यता देवांगन, अवनि वैष्णव, डिलीशा साहू ,हिमानी महेश्वरी, कुशाग्र अग्रवाल, मेहुल भट्ट, रूद्र देवांगन, सानवी साहू, मौली साहू, सिया कुंवर,संस्कार चुटे द्वारा वृक्षारोपण एवं कक्षा प्ले व नर्सरी जिसमे अद्विका गुप्ता, युवांश महेश्वरी,जिनलजैन, कृयांश, कृदय देवांगन, वशिषठी पांडे, देव चैतन्य गोस्वामी, आदित्य गुप्ता, मेहुल जैन लविश कटले, अनंत देवांगन अद्विक माहेश्वरी, जयेश बारिये, आरव जैन, निलांश शाबला द्वारा पर्यावरण आधारित फैंसी ड्रेस मे प्रस्तुति दी गई समस्त कार्यक्रम मे स्कुल की समस्त शिक्षिकाये एवं बड़ी संख्या मे सभी बच्चों के अभिभावक गण उपस्थित रहे अंत मे सभी बच्चों ओर पालको द्वारा पेड़ पौधे लगाए गए हैं।



# स्वास्थ्य विभाग डोंगरगढ़ द्वारा सिकल सेल जाँच शिविर का आयोजन

### नगर के सभी विद्यालयों में जाँच शिविर आयोजित

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वास्थ्य विभाग डोंगरगढ़ द्वारा सिकल सेल जाँच शिविर का आयोजन कर छात्र छात्राओं को बीमारी के संबंध में वृस्तित जानकारी देते हुए इलाज के बारे में बताया गया।

हेल्थ डिपार्टमेंट के अधिकारी कर्मचारियों ने नगर के केंद्रीय विघालय, नवोदय विघालय, खालसा पब्लिक स्कूल, सेंट पैलोटी, संस्कार पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदीर में सिकल सेल प्रोग्राम के तहत शिविर आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं व शिक्षकों को बीमारी के लक्षण की जानकारी देते हुए बीमारी से निदान की जानकारी दी गई। सिकल सेल से के लक्षण के बारे में बताया कि सिकल सेल को एनीमिया रोग भी कहा जाता है। यह एक प्रकार का रक्त विकार है, जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सी शेप, अर्ध चंद्राकार या सिकेल सेल में बदल जाती है। सिकल सेल (एनमिया) के निम्न प्रमुख लक्षण पाए जाते है जैसे कि खून की कमी होना, मौसम बदलने पर बीमार होना, थकावट व सांस फूलना, बार बार बुखार आना, सर्दी खाँसी होना सहित हाथ पैरो तथा जोड़ो में सूजन होना। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि सिकल सेल प्रोग्राम के तहत 0 से 40 साल तक के सभी लोगों का टेस्ट किया जाना है, वहीं अब तक 107192 सिकल सेल टेस्ट किये जा चुके है जिसमें 77 लोग पाजेटीव रहे जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर कर इलाज जारी है।



**सिकल सेल ( एनमिया रोग ) की पहचान जरूरी**

बीमारी के संबंध में जानकारी देते खंड चिकित्सा अधिकारी श्रीमति बी पी एक्का ने बताया कि सिकल सेल बीमारी के लक्षण व पहचान होना बहुत जरूरी है। 40 साल तक की उम्र के सभी लोगों को टेस्ट करवाना चाहिए। श्रीमती एक्का ने शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के आम लोगों से अपील की गई है कि लक्षण दिखाई देने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ सहित उप स्वास्थ्य केंद्र,पीएचसी, सीएचसी केंद्र में निशुल्क जाँच किया जायेगा।

## विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि ने सद्गुरु कृपा छाया धाम झूलेलाल मंदिर परिसर में विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया सर्वप्रथम गणेश वंदना करते हुए मुख्य अतिथि निर्भय लालगढ़पायले द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया समस्त गुरु भक्तों ने गुरु चरण पादुका पूजन कर सद्गुरु सुधांशु जी महाराज को दंडवत प्रणाम किया उपस्थित गुरु भक्तों ने अपने प्यारे सद्गुरु सुधांशु जी महाराज को अपने 1 वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत कर गलतियों के लिए क्षमा याचना की विश्व मंगल कल्याण की कामना करते हुए सद्गुरु से आशीर्वाद मांगा अपने मन की एक बुराई का त्याग करते हुए सद्गुरु द्वारा दिखाएं मार्ग पर चलकर सदा सत्कर्म परोपकार एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया 21 दीपो से सुसज्जित दीपमालिका से सद्गुरु सुधांशु जी महाराज की महाआरती उतारी गई तक पश्चात सभी उपस्थित भक्त जनों ने भंडारा महाप्रसाद ग्रहण किया राजनांदगांव विश्व जागृति मिशन के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी ने उपस्थित समस्त गुरु भक्तों को गुरु पूर्णिमा की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । आयोजन को सफ्ल बनाने में कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल , जितेंद्र शर्मा , डीसी कोरी, भगवान जी भाई पटेल, महेश खंडेलवाल का विशेष योगदान रहा । उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनंदगांव मंडल संस्था सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।



# हर्षवर्धन को जिला युवा लोधी समाज के जिलाध्यक्ष की कमान

**खैरागढ़.( नांदगांव टाइम्स )।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर जिला युवा लोधी समाज राजनांदगांव व जिला महिला लोधी समाज अध्यक्ष की घोषणा की गई। नगर के लारबन स्थित लोधी भवन में प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज व उनके कार्यकारिणी सहित जिलाध्यक्ष राजनांदगांव व उनकी कार्यकारिणी टीम तथा सभी पदाधिकारियों व सामाजिक बन्धुओं की सहमति से वार्ड नं.02 पिपरिया निवासी हर्षवर्धन वर्मा को जिला युवा लोधी समाज राजनांदगांव का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी तरह महिला जिला लोधी समाज अध्यक्ष के रूप में डोंगरगढ़ निवासी प्रियंका बघेल को जवाबदारी दी गई है। दोनों जिलाध्यक्ष की घोषणा उपरांत प्रदेश लोधी समाज अध्यक्ष घनश्याम वर्मा व प्रदेश पदाधिकारियों सहित जिला लोधी समाज जिलाध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के द्वारा उनको नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुये बधाई दी गई। इस दौरान प्रदेश लोधी समाज अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, प्रदेश महामंत्री घनश्याम कौशिक, कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी, अंकेक्षक विमल पटेल, संगठन मंत्री घनश्याम कौशिक, प्रदेश सचिव के.के.सिंगौर, प्रदेश महिला लोधी समाज अध्यक्ष दशमत जंघेल, प्रदेश उपाध्यक्ष नंद बाबा, जयप्रकाश कौशिक, प्रदेश युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर, संरक्षक मोतीलाल जंघेल, राजनांदगांव जिला लोधी समाज अध्यक्ष उत्तमचंद जंघेल, महासचिव नंद चंदेल, कोषाध्यक्ष अवध जंघेल, संगठन मंत्री दुर्जन जंघेल, उपाध्यक्ष ईश्वरी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष ईश्वरी, जिला प्रचार सचिव हर्ष दशरिया, जिला कार्यकारिणी सदस्य तीरथ चंदेल, डाकेश्वर वर्मा, छुईखदान सर्किल अध्यक्ष अशोक जंघेल, पांडादाह सर्किल अध्यक्ष बालमुकुंद वर्मा, खैरागढ़ सर्किल सचिव ईश्वरी वर्मा, खैरागढ़ सर्किल उपाध्यक्ष मोहन जंघेल, रामधार वर्मा, जैनेन्द्र जंघेल, गोरे वर्मा, ज्योति जंघेल, तामेश्वर जंघेल, नेतराम जंघेल, नेतराम, भरत वर्मा, जितेंद्र वर्मा, कोदूराम वर्मा, भंवर दास जंघेल, अजेन दशरिया, अजय, तीरथ, सुखराम, भीषम, अमन, रूपेश, पीताम्बर, मुकेश, पंकज, आशीष, सतीश, भूपेंद्र, रेखचंद, रोशन, संदीप, राजहंस, रघुवेंद्र, वीरेंद्र लोधी चंद्रशेखर, जय, राहुल सहित समाज के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ सामाजिक बन्धु बड़ी संख्या उपस्थित रहे।



## प्लेसमेंट कैम्प में 51 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्पों के आयोजन किए जा रहे हैं। इसी तारतम्बय में आज जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट कैम्प में पांच नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों के लिए 51 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया।

# गुरु पूर्णिमा गुरु अमरदास बाबा जी की पावन जयंती अवसर पर 34 युवाओं ने किया रक्तदान

## मोहारा चौकी प्रभारी ढालसिंह साहू ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं में जोश भरा

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत मोहारा (मुढ़ीया) में गुरु पूर्णिमा गुरु अमरदास जयंती के पावन अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय युवा संगठन मोहारा व सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राज. के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे गुरुद्वारा में गुरु वंदना के साथ पूजा आरती कर किया गया द्य और फ्रि रक्तदान शिविर शाम 4:30 तक चला। बारिश के मौसम, खेती किसानी का दिन व बार बार बिजली गुल के बावजूद आयोजन को सफ्ल बनाने के लिए 50 से ऊपर लोगों ने रक्तदान जाँच फार्म भरा और उसमें से कुल 34 रक्तदाताओं ने अपना स्वैक्षिक रक्तदान किया। पुरे दिनभर शिविर का माहौल खुशनुमा रहा। आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए प्रमुख अतिथियों में डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा वर्मा,आर. आर.पात्रे विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव,राजू राजपूत, पंचराम चंदे, युनुस कुरैशी, नरेंद्र सिंह, रघुनाथ वर्मा, दयालु चंदेल, नंद खरे, संतोष वर्मा,आदि शामिल रहे। सभी ने सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के कार्यो व शिविर में की गई संम्पूर्ण व्यवस्था की जमकर सराहना कर गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा की इस अवसर पर रक्तदान से बड़ा कोई और दान नहीं हो सकता, फाउंडेशन के हर ऐक कार्यो में साथ देने की बात कही है द्य कार्यक्रम में सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राज. के अध्यक्ष संदीप सिरमौर, उपाध्यक्ष रमेश महिलांगे, शंकर बघेल (संरक्षक), रूप कुमार जांगड़े (संयोजक ), संजय कुर्रे (सचिव) टूमन कोसरे, अश्वनी बारले, सुंदरलाल चतुर्वेदी, जितेन्द्र गेन्डरे, सुरेश गेंड्रे,मनहरण देशलहरे , जितेन्द्र खेलवर , ईश्वर जोशी, केवल दास चंदेल, सूरज भारती, अभिषेक पाटिला (शिविर प्रभारी), अमित बंजारे, अमन महिलांगे, रूपेश पाटिला, रोहित चंदेल (रक्त व्यवस्थापक), आकाश बघेल, जसवंत खांडे, युवराज, भजनु चंदेल, भोला गायकवाड़,मोहन जोशी, चिंता मरकंडे, रंजीत भारती भूपेंद्र बघेल, लोचन भारती, मुकेश बघेल, चरण मार्केन्डे,भानु चंद्राकर, रेवा खुटेल मनीष चंद्राकर इत्यादि साथियों सहित बिलासा ब्लड बैंक राज. से जीतेन्द्र साहू सहित पुरी टीम ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई, सभी रक्तवीरो का आभार प्रगट करते हुए फाउंडेशन के संरक्षक शंकर बघेल ने कहा.. हमारे मोहारा क्षेत्र में ये रक्तदान का पहला अवसर है विपरीत मौसम के बावजूद जिस प्रकार का उत्साह, जोश, युवाओं का सहयोग इस शिविर में प्राप्त हुवा, लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता कों देखते हुए आगामी दिनों में पुनः रक्तदान का आयोजन किया जा सकता है द्य इस अवसर पर सभी रक्तवीरो का धन्यवाद करते आभार प्रकट किया गया।



**शुभांक**

**2-6-9**

**690-5 267-5**

**भाग्यांक**

**134-8 579-1**

## विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 26 जुलाई तक पंजीयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 3 से 4 माह का होगा एवं दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण अंतर्गत घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, सहायक इलेक्ट्रीशियन, मेसन जनरल, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र) सहित अन्य कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जुलाई 2024 तक अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में अपना पंजीयन करा सकते है।

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, राजनांदगाँव (छ0ग0)**

राजस्व मामला क्रमांक 202407093700005
अ-6 वर्ष 2023-24

**-:: ईश्तहारः-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कंवलजीत कौर ध.प. हरजीत सिंह, निवासी-दीवानपारा, राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव के मोहल्ला दीवानपारा स्थित शीट क्रमांक 36 सी, भूखण्ड क्रमांक-180/4, क्षेत्रफ्ल 38.00 वर्गमीटर जो धारकगण प्रवेश कुमार वो जीवेश कुमार आ. स्व. मोहनलाल, निवासी-चोपडा-मानव मंदिर चौक, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड में से क्षेत्रफ्ल 17.379 वर्गमीटर पर पंजीकृत विक्रय-पत्र के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि / मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 29.07.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

सील — नजूल अधिकारी नजूल जाँच, राजनांदगाँव

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202407090400096**

विषय-अ-3 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-24
इदामरा (प ह न. 00028),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - महावीर इंफ्राकांन प्रा.लि.,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

आवेदक महावीर इन्फ्राकांन प्रा.लि डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता जेठमल बोहरा, निवासी सन सिटी कंचनबाग़ शहर, तहसील व जिला राजनांदगाँव द्वारा ग्राम इंदामरा प. 28, रा.नि. सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 407/2(0.1190), 408/1(1.0760), 408/2(0.1380), 408/3(0.2950), 409/2(0.1820), 409/3(0.2910 409/4(0.0970), 410/1(1.2140), 410/2(0.5220), 410/6(0.2590), 410/7(0.2430), 410/8(0.1530), 415/2(0.0810 415/4(0.2020), 416/1(0.2460), 416/2(0.1430), 419/1(0.1620), 419/16(0.2630), 419/3(0.4210), 410/3(0.1630 410/4(0.2350), 410/5 (0.3400) हे. भूमि का खसरा संविलियन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति आगामी सुनवाई दिनांक 26/07/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। आगामी सुनवाई तिथि के पश्चात् दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त ईश्तहार आज दिनांक 12/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/07/2024 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार राजनांदगांव

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांकः 202407090400095**

विषय- अ-3 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः - 2023-24
बरगा (प ह न. 00029),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- महावीर इंफ्राकांन प्रा.लि.,
अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-बरगा प0ह0नं0-29 रा.नि.मं. सुकुलदैहान तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता हैं कि, आवेदक महावीर इंफ्राकांन प्रा डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता जेठमल बोहरा, निवासी सन सिटी, कंचनबाग शहर, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम-बरगा प.ह.नं.-29 रा.नि.मं.-सुकुलदैहान तहसील व राजनांदगांव स्थित भूमिस्वामी मेसर्स महावीर इन्फ्राकॉन प्रा. लि. डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता जेठमल बोहरा वर्ग सामान्य पता ए-34 वार्ड नं. 32 सनसिटी कंचन बाग, राजनादगा भूमिस्वामी हक एवं स्वामित्व की भूमि बी-1 खाता क्रं.-426 में दर्ज भूमि खसरा नं. 365/3 (0.1620 हे.), 365/4 (0.8950 हे.), 365/5 (0.8290 हे.), 36. (0.0810 हे.), 365/7 (0.7530 हे.), 365/8 (0.3240 हे.), 371/1 (0.7890 हे.), 371/3 (0.8090 हे.), 371/4 (0.6070 हे.), 2 (0.8980 हे.), 373/1 (0.6350 हे.), 373/2 (0.4050 हे.), 373/3 (0.6360 हे.), 374/1 (0.9470 हे.), 374/2 (0.3090 हे.), 37. (0.9520 हे.), 376 (1.7210 हे.), 366 (0.2550 हे.), 342/2 (0.8710 हे.), 343/1 (0.3930 हे.), 343/2 (0.3880 हे.), 348/3 (0.21 हे.), 348/7 (0.1370 हे.), 365/1 (0.2630 हे.), 365/2 (1.0560 हे.), 365/3 (0.1620 हे.), 365/4 (0.8950 हे.), 365/5 (0.8290 हे 365/6 (0.0810 हे.), 365/7 (0.7530 हे.), 365/8 (0.3240 हे.), 371/1 (0.7890 हे.), 371/3 (0.8090 हे.), 371/4 (0.6070 हे.), 3 (0.8980 हे.), 373/1 (0.6350 हे.), 373/2 (0.4050 हे.), 373/3 (0.6360 हे.), 374/1 (0.9470 हे.), 374/2 (0.3090 हे.), 37. (0.9520 हे.), 376 (1.7210 हे.), 366 (0.2550 हे.), 342/2 (0.8710 हे.), 343/1 (0.3930 हे.), 343/2 (0.3880 हे.), 348/3 (0.21 हे.), 348/7 (0.1370 हे.); 365/1 (0.2630 हे.), 365/2 (1.0560 हे.) भूमि स्थित है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि पर अभिन्यास अनुमोदन कराया जाना है, जि लिए उपरोक्त वर्णित खसरा नंबर का संविलियन कराना चाहते हैं। उक्तं खसरा नंबर का संविलियन किये जाने हेतु आवेदनमय, बी-1/खसरा सहित प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 26/07/2023 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अ अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 12/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/07/2024 को जारी किया जाता है ।

सील — नायब तहसीलदार राजनांदगांव

nandgaon times julai-23-2.qxd 7/22/2024 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) रेलयात्री बीमा योजना किस वर्ष शुरू की गई?*

*2) आयुर्वेद पर अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन का आयोजन कहाँ किया गया?*

*3) शरीर में अमीनो अम्ल की संख्या कितनी है?*

*4) चाय के लिए कौन-सी मिट्टी सर्वोत्तम मानी जाती है?*

*5) किसे वन्य जीव संरक्षण में योगदान हेतु वन्य जीव संरक्षण पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) अगस्त, 1994 (2) हरिद्वार (3) 22 (4) लेटेराइट मिट्टी (5) आलिया मीर

# गुरु कुम्हार , सुनार , लोहार की तरह व्यक्ति को गढ़ने का कार्य करते है : स्वामी आनंद चैतन्य

### गुरु शिष्य को ब्रह्म का साक्षात्कार कराते है

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूजन कार्यक्रम श्री अग्रसेन भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । श्रीमत परमहंस परिव्राजकाचार्य श्रोणित ब्रह्मनिष्ठ अनंत विभूषित श्री 1008 आनंद कृष्णधाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति का गुरु के बिना भवसागर से पार पाना असंभव है । गुरु व्यक्ति को मनुष्य बनाता है , जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को आकार देकर घड़ा इत्यादि का स्वरूप देता है , सुनार सोने को आकार देता है अथवा लोहार लोहे को आकार देता है , उसी प्रकार गुरु व्यक्ति को गुरु मंत्र देकर नया जीवन देते है । व्यक्ति के हर क्रिया में उठने से लेकर सोने तक एवम जन्म से लेकर मृत्यु तक गुरु का महत्व होता है । गुरु पुन: मृत्यु से छुटकारा दिलाकर मोक्ष प्रदान करने का मार्ग प्रसस्त करते है । गुरु मंत्र के माध्यम से गुरु व्यक्ति को परमेश्वर के प्रति लगन जागरण करके भजन , सत्संग , उपासना की ओर मोड़ देते है , जिससे व्यक्ति परमेश्वर का साक्षात्कार कर मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है ।

गुरुदेव भक्त मंडल के अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि जीवन में पैसा सबकुछ नहीं है , पैसे से जीवन नहीं खरीदा जा सकता । इसे हमने पिछले कोरेना काल के समय अनुभव किया है । एक उदाहरण के माध्यम से स्वामी जी ने कहा कि जिस प्रकार गीले कपड़े को उतारने में श्रम अधिक लगता है , किंतु सूखे कपड़े को उतरना सरल होता है क्योंकि सुखा कपड़ा उपासना , साधना है जिससे उसका वजन हल्का हो जाता है । मानस के दृष्टांत को बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि बिना गुरु के जीवन का कोई महत्व नहीं है। व्यक्ति को भवसागर के पार पहुंचने के लिए गुरु दीक्षा लेना आवश्यक है । सदगुरु सच्चा वैद्य होता है । जिस प्रकार वैद्य दवा के द्वारा व्यक्ति को स्वस्थ करता है , उसी प्रकार गुरु सूक्ष्म शरीर के मन , चित्त एवम वृति को ठीक कर देते है । गुरुमंत्र से अज्ञानता दूर हो जाती है । गुरु निष्ठा औषधि का कार्य करती है । पूज्य स्वामी जी ने आगे कहा कि व्यक्ति के जीवन में कितने भी असंभव कार्य क्यो ना हो , गुरु शरण में जाने से संभव हो जाते है । पूज्य स्वामी जी ने कहा कि वेदव्यास जी ने वेद की रचना की तब वेद पूर्ण होने पर कुछ स्याही बच गई । मां सरस्वती ने व्यास से पूछा कि इस स्याही का क्या करें , तब व्यास जी ने कहा कि बचत स्याही संत , महात्माओं को दे देवे । ऐसे संत - महात्मा उक्त स्याही से दिक्षित शिष्य के भाग्य में लिखे कष्ट , दुख , परेशानियों को दूर करने भाग्य के लिखे को संशोधित कर सकते है । भगवान कहते है कि उन्होंने व्यक्ति के भाग्य में जो लिख दिया उसे वे बदल नहीं सकते , किंतु एक गुरु ही है जो मां सरस्वती से मिली स्याही से भाग्य को संशोधित करने की ताकत रखते है । इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु का होना आवश्यक है । गुरुदेव भक्त मंडल द्वारा आयोजित गुरु पूजन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ , गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालने के पश्चात पूज्य स्वामी जी द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य जी एवम सदगुरुदेव भगवान का विधि विधान से पूजन किया गया । नन्ही सी बच्ची काव्या निरंजन नाथ शर्मा ने निर्भीक होकर मंच पर गुरु भक्ति का भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया , तत्पश्चात लगभग 270 शिष्यों ने एक एक कर पूज्य गुरुदेव भगवान का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवम गुरु प्रसादी ग्रहण की । आभार गौरीशंकर शर्मा ने व्यक्त किया ।




## गायत्री मंदिर में भक्तिभाव व श्रद्धापूर्वक मनाया गया गुरू पूर्णिमा पर्व

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के गायत्री मंदिर में परिजनों द्वारा गुरूपूर्णिमा का पर्व पूरे भक्तिभाव व श्रद्धापूर्वक मनाया। इस अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व विभिन्न संस्कार संपन्न हुये, जिसमें अंचल के विभिन्न ग्रामों के लगभग 200 परिजनों ने अपनी सहभागिता निभाई। गुरूपूर्णिमा के दिन को ही गायत्री मिशन के शिल्पकार पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का आज आध्यात्मिक जन्मदिन भी कहा जाता है। गायत्री मंदिर में गुरूपुर्णिमा के एक दिन पूर्व सुबह 7 बजे से लेकर सायं 7 बजे तक 12 घंटे का अखण्ड जप आयोजित किया गया। पश्चात् रविवार को सुबह 9 बजे से गायत्री महायज्ञ व हवन आहुति का क्रम चला। महायत्र के दौरान विभिन्न पालियों में लगभग 200 परिजनों ने विश्व शांति, सर्वजनों के सुख और सौभाग्य सहित युग निर्माण योजना के विभिन्न संकल्पों को पूरा करने के उद्देश्य से आहूतियां डाली। इस दौरान कुछ नये परिजनों ने गुरूदीक्षा लेकर गायत्री मिशन के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। नगर की श्रीमती मिताली कटकवार ने भी इस दौरान गुरू दीक्षा ली, वहीं विशेषता साहू का इस दौरान जन्मदिन मनाया गया। समस्त यज्ञीय कार्यक्रमों का संपादन मिशन के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने किया। वहीं मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने संचालन व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान परिजनों से एकत्रित 6701 रू. की राशि गुरू दक्षिणा के रूप में शांतिकुंज हरिद्वार प्रेषित किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसादी का वितरण किया गया।



## खैरागढ़ में शराब पिलाने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** एसपी त्रिलोक बंसल एवं एएसपी नेहा पांडे के मार्गदर्शन व एसडीओपी लालचंद मोहले के निर्देशन में चलाये जा रहे समर्थ अभियान के तहत शराब पिलाने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी खैरागढ़ उपनिरीक्षक मोरजध्वज देशमुख के नेतृत्व में सोमवार 22 जुलाई को अवैध रूप से शराब पीने सुविधा प्रदान करने वाले बाऊ ढाबा धरमपुरा खैरागढ़ से आरोपी लक्ष्मीनारायण ढीमर उम्र 24 साल निवासी धरमपुरा खैरागढ़ को शराब पीने की सुविधा प्रदान करते रंगेहाथ पकड़ा गया। मौके पर आरोपी की दुकान से खाली शीशी, पानी पाऊच व प्लास्टिक डिस्पोजल गिलास जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 36(सी) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।




## महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य जी ने नीम का पौधा रोपकर हरियाली का संदेश दिया

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष , महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी महाराज का नगर आगमन गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हुआ । वृक्ष गंगा अभियान समिति के द्वारा किए जा रहे पौधारोपण अभियान में पूज्य स्वामी महाराज शामिल हुए । केसर नगर के मुख्य मार्ग में नीम का पौधा रोककर स्वामी जी ने आम जनों को हरियाली का संदेश देते हुए वृक्षों की महत्ता एवं वर्तमान समय में वृक्षारोपण अभियान की आवश्यकता पर अपने संबोधन से हरिहर छत्तीसगढ़ का संदेश दिया ।

इस अवसर पर वृक्ष गंगा समिति के रमेश पुरोहित , विवेक शुक्ला , दिलीप गुप्ता , श्री लड्ढा एवम गुरुदेव भक्त मंडल के खेमराज शर्मा , रानीदान शर्मा , अशोक लोहिया , कल्याण साहू , हितेंद्र शर्मा , नीता लोहिया , संगीता जोशी , भारती साहू सहित अनेक शिष्य उपस्थित हुए ।



## दीवानभेड़ी में गुरु पूर्णिमा पर्व आयोजन किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पूर्व माध्य. शाला दीवानभेड़ी में गुरु पूर्णिमा पर्वआयोजन किया गया, सर्वप्रथम माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुवात किया गया ! छात्र प्रतिनिधियों के द्वारा भाँ सरस्वती की पूजा फूल एवं गुलाल अर्पित कर किया गया, एवं इसके साथ सभी छात्र छात्राओं के द्वारा मधुर आवाज में एक साथ माँ सरस्वती की वंदना किया गया। संचालन कर रही छात्रा प्रतिनिधि निधि झुलेकर के द्वारा शुरू किया गया व गुरुपूर्णिमा के महत्ता पर प्रकाशडालते हुए श्लोकों की प्रस्तुति की गई। सभी शिक्षकों का गुलाल एवं फूल से स्वाबाल करते हुए, शुरुजनों को श्रीफल भेंट किया गया। बारी बारी से छात्रों के द्वारा गुरू-महत्ता पर प्रकाश डाला गया। गुरु पूर्णिमा पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया, इसके साथ हीप्रधान पाठक बी. एल. यादव के द्वारा पारम्परिक गुरु-शिष्य संस्कृति प्रकाश डालते हुए शुरू की महत्व बतायागया, प्राचीन काल में प्रचलित गुरू कुल परम्परा के बारे में शिक्षिका शशिकला कठोलिया के द्वारा विस्तृत रूप बताया शिक्षक विष्णु शर्मा के द्वारा शुरु शिष्य परम्परा पर प्रकाश - डालते हुए कबीर के श्लोकों के माध्यम से गुरू की महत्ता को बताया, शिक्षिका चित्ररेखा वैष्णव के द्वारा गुरू संस्मरण पर अपना विचार रखा गया।अंत में गुरू जनों की आरती एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया !



# निगम आयुक्त ने बाढ़ नियंत्रण के लिये टीम गठित की

### 24 घंटे के लिये अमले की तैनाती,कंट्रोल रूम टांकाघर में

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये निगम अधिकारियो एवं कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपा है। निगम आयुक्त ने उक्त नियंत्रण कार्य के लिये तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगायी है और निगम का अमला अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये 24 घंटे रोकथाम के उपाय,पानी भराव को रोकने सहित प्रभावितो के आवास की व्यवस्था का कार्य करेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को नोडल अधिकारी वार्ड नं. 1 से 30 तक व प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव वार्ड नं. 31 से 51 तक एवं सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है तथा सफाई के लिये स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी का दायित्व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव व प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री भूषण मेश्राम को सौपा गया है। इसके अलावा प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती एवं उप अभियंताओं को शिफ्ट प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी के लिये कर्मचारियों को भी दायित्व सौंपा गया है। जो तीनों शिफ्ट में प्रात: 8 बजे से शाम 4 बजे तक, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक व रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्य करेंगे। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि वर्षा ऋतु में पानी भरने वाले स्थानो की सूची बनाने तथा रोकथाम के उपाय एवं सुझाव के लिये स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव को जवाबदारी दी गयी है। वही लेबर व्यवस्था व रेत की बोरियों की व्यवस्था का दायित्व उप अभियंता श्री डागेश्वर कर्ष व श्री युगराज कोमरे व मोहारा फिल्टर प्लांट के श्री लक्ष्मीकांत देवांगन को सौंपा गया है। इसी प्रकार रैनकोट,गैती,फावड़ा तगाड़ी आदि की व्यवस्था किये जाने के लिये समयपाल श्री योगेश पदमाकर व श्री चिराग मेश्राम एवं विद्युत व्यवस्था के लिये सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को निर्देश दिये गये है। आकस्मिक वाहन व्यवस्था हेतु मोटर विभाग के श्री सुरेन्द्र साव व स्कूल में ठहरने की व्यवस्था के लिए राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षकों की ड्यूटी लगयी गयी है। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि मोटर प्रतिपालन विभाग को बाढ़ नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है और इसमें फोन नं. 07744-296001 में शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये भी सूचना दी जा सकेगी। कंट्रोल रूम का प्रभारी श्री किशन गावरे लाईनमेन को बनाया गया है। श्री गावरे को निर्देशित किया गया है कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये सूचना प्राप्त होते ही यथा समय अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे तथा इस संबंध में एक पंजी का संधारण करेगें। जिसे समय-समय पर अवलोकन हेतु प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि बाढ़ पीड़ितो के आवास हेतु डॉ. आम्बेडकर मंगल भवन,शाला भवनों एवं शासकीय भवनों को सुरक्षित रखा जा रहा है तथा प्रत्येक शिफ्ट प्रभारी को टार्च,रस्सी,गैती,फावड़ा एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये गये है।




## धर्म समाचार....

# गजानन संकष्टी चतुर्थी पर ऐसे करें अपनी मुरादें पूरी, पूजा होगी सफल

हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर भगवान गणेश की पूजा करने का विधान है। इस शुभ अवसर पर लोग भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और व्रत करते हैं। इससे सभी संकट दूर होते हैं। अगर आप भी गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं तो इस दिन पूजा के दौरान सच्चे मन से गणेश स्तोत्र का पाठ करें। इससे सभी मुरादें पूरी होंगी। सनातन धर्म में चतुर्थी तिथि भगवान शिव के पुत्र गणपति बप्पा को समर्पित है। यह दिन भगवान गणेश के आशीर्वाद को प्राप्त करने के लिए बेहद शुभ माना जाता है। सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को गजानन संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है।

**।गणेश स्तोत्र।।**

प्रणम्य शिरसा देवं गौरी विनायकम् ।<br>
भक्तावासं स्मेर नित्यमाय्ः कामार्थसिद्धये ॥॥<br>
प्रथमं वक्रतुडं च एकदंत द्वितीयकम् ।<br>
तृतियं कृष्णपिंगात्क्षं गजववत्रं चतुर्थकम् ॥॥<br>
लंबोदरं पंचम च पष्ठं विकटमेव च ।<br>
सप्तमं विघ्नराजेंद्रं धूम्रवर्ण तथाष्टमम् ॥॥<br>
नवमं भाल चंद्रं च दशमं तु विनायकम् ।<br>
एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजानन् ॥॥<br>
द्वादशैतानि नामानि त्रिसंध्यंय: पठेन्नर: ।<br>
न च विघ्नभयं तस्य सर्वसिद्धिकरं प्रभो ॥॥<br>
विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम् ।<br>
पुत्रार्थी लभते पुत्रान्मो क्षार्थी लभते गतिम् ॥॥<br>
जपेद्णपतिस्तोत्रं षडिभर्मासै: फलं लभते ।<br>
संवत्सरेण सिद्धिंच लभते नात्र संशय: ॥॥<br>
अष्टभ्यो ब्राह्मणे भ्यश्च लिखित्वा फलं लभते ।<br>
तस्य विद्या भवेत्सर्वा गणेशस्य प्रसादत: ॥॥<br>
॥ इति श्री नारद पुराणे संकष्टनाशनं नाम श्री गणपति स्तोत्रं संपूर्णम् ॥



**कब है गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत**

पंचांग के अनुसार, सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 24 जुलाई को सुबह 07 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगी। वहीं, इसका समापन अगले दिन यानी 25 जुलाई को सुबह 04 बजकर 19 मिनट पर होगा। ऐसे में 24 जुलाई को गजानन संकष्टी चतुर्थी व्रत रखा जाएगा।

## शीघ्र विवाह के लिए मां गौरी की पूजा करते समय करें इन मंत्रों का जप मिलेगा मनचाहा वर



सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इस महीने में भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही सावन सोमवार पर व्रत रखा जाता है। वहीं सावन माह के प्रत्येक मंगलवार के दिन मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। सावन माह के प्रत्येक मंगलवार पर मंगला गौरी व्रत रखा जाता है। इस दिन जगत की देवी मां पार्वती के निमित्त व्रत रखा जाता है। साथ ही विधि-विधान से भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। इस व्रत को विवाहित स्त्रियां और अविवाहित लड़कियां करती हैं। मंगला गौरी व्रत करने से अविवाहित लड़कियों की शीघ्र शादी के योग बनते हैं। वहीं, विवाहित महिलाओं के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। पंचांग के अनुसार, 22 जुलाई को सावन माह का प्रथम सोमवार है। इसके अगले दिन मंगला गौरी व्रत रखा जाएगा। इस दिन कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि सुबह 10 बजकर 23 मिनट तक है। इसके बाद तृतीया तिथि शुरू होगी। अगर आपकी शादी में भी बाधा आ रही है, तो मंगला गौरी व्रत पर विधि पूर्वक भगवान शिव एवं मां पार्वती की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय इन मंत्रों का जप करें।

**शीघ्र विवाह के मंत्र**

1. ? ग्रां ग्रीं ग्रों स: गुरूवे नम:<br>
2. हे गौरि शंकरार्धांगि यथा त्वं शंकरप्रिया।<br>
मां कुरु कल्याणि कान्तकातां सुदुर्लभाम्॥<br>
3. ? कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरी।<br>
नन्द गोपसुतं देवि पति में कुरुते नम:।।<br>
4. ? शं शंकराय सकल जन्मार्जित पाप विध्वंस नाय पुरुषार्थ<br>
चतुस्टय लाभाय च पतिं मे देहि कुरु-कुरु स्वाहा ।।<br>
5. ? देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रिय भामिनि।<br>
विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रं च देहि मे ।।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# रिमझिम फुहारों के साथ निकली प्रथम कांवड़ यात्रा









07
0 रविवार को निकली नगर में प्रथम शिवप्रभात फेरी संकीर्तन यात्रा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। सावन माह के आते-आते नगर में संपूर्ण माहौल सावनमय शिवमय हो गया है। नगर में रिमझिम बारिश की फुहारों के साथ श्री बागेश्वर धाम कावड़ यात्रा पूर्ण भक्तिमय वातावरण में शिव भजनों के साथ प्रथम सावन सोमवार प्रथम दिन भक्तो द्वारा निकाली गई। इसके पूर्व रविवार को संस्कारधानी में प्रथम बार शिवप्रभात फेरी संकीर्तन यात्रा भी कालीमाई मंदिर से निकाली गई। उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम सेवक पंकज गुप्ता, विजय गुप्ता,सूरज गुप्ता डॉ. मिथिलेश शर्मा, भावेश अग्रवाल,राजेश शर्मा ने बताया कि, सावन माह के पहले दिन जो इस बार सावन सोमवार को ही प्रारंभ हुआ,कावड़ यात्रा में शामिल होने प्रात: 5:30 बजे से शिवभक्त कावड़यात्री श्री बागेश्वर महादेव धाम मंदिर बड़ी संख्या में पहुंचना आरंभ हो गए थे। रिमझिम फुहारों के बाद भी शिवभक्तों के उत्साह में कोई कमी नही थी। श्री बागेश्वर महादेव के दर्शन के पश्चात तिलक लगाकर सभी कावडयात्री मोहारा स्थित शिवनाथ नदी तट पर पहुंचे जहां शिव मंदिर में पूजा कर कावंड यात्रा बोल बम, हर-हर महादेव के भक्तिमय नारों के साथ आरंभ हुई साथ में शिव भजनों के साथ संपूर्ण भक्तिभाव से शिवभक्ति में ओत-प्रोत होकर झूमते-गाते मोहारा शिवनाथ नदी से नंदई चौक, सदर लाईन, कामठी लाईन, जी.ई. रोड होते हुए श्री बागेश्वर मंदिर पहुंची, जहां पर कावंड यात्रियों द्वारा भगवान बागेश्वर महादेव में 5 नदियों के व शिवनाथ नदी के पवित्र जल को अर्पित किया गया व महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। इसी प्रकार रविवार गुरू पूर्णिमा के शुभ दिन से नगर में प्रथम बार शिव प्रभात फेरी, संकीर्तन यात्रा मां कालीमाई मंदिर से निकली, जिसमें यात्रा में शामिल भक्तगण रघ्घु शर्मा के शिव, राम ,माता भजनों के साथ भजनों को दोहराते गाते हुए ढोल मंजिरो की मधुर ध्वनि के साथ भक्तिमय वातावरण में प्रात: 6:30 बजे से प्रारंभ होकर जलाराम मंदिर, श्री बागेश्वर मंदिर पहुंची जहा पर दर्शन के पश्चात दुर्गा मंदिर, गौरी नगर, स्टेशन पारा होते हुए वापस माँ कालीमाई मंदिर पहुंची जहां प्रसाद वितरण के पश्चात प्रथम प्रभात फेरी यात्रा का विराम हुआ। श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व संलग्न सभी संस्थाओं शिवभक्तों ने सावन के दूसरे रविवार को शिवप्रभात फेरी व सोमवार को कावंड यात्रा में अधिकाधिक भक्तों से उपस्थित होकर पुण्य धर्म लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई है।

## पूरी श्रद्धा -भक्ति के साथ मना गुरु पूर्णिमा का आध्यात्मिक पर्व

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और आस्था का आध्यात्मिक पर्व आज अंबागढ़ चौकी इंग्लिश मीडियम स्कूल , राम निवास सारडा कैंपस में पूरी उमंग के साथ मनाया गया । अपने समय



के पहले ऐसे आयोजन को देख बच्चे फूले नहीं समा रहे थे । गुलाब के फूलों के साथ फूलों की तरह कोमल बच्चे यहां - वहां उछलते - कूदते खुशियां बिखेर रहे थे । छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार आज 22 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया । अंबागढ़ चौकी में नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा शुरू किए गए अंग्रेजी माध्यम स्कूल , चिल्हाटी रोड में सुबह प्रार्थना के उपरांत नन्हें - नन्हें बच्चों ने अपने शिक्षकों को तिलक लगाकर गुलाब प्रदान किए । बच्चों के सुकोमल हाथों से फूलों का उपहार पाकर शिक्षकों ने उनके सुनहरे भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया । शाला प्राचार्य डॉ .एस .के. मिश्रा सहित शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ का बच्चों ने सम्मान कर भारतीय संस्कृति का परिचय दिया ।

## छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ छुरिया के अध्यक्ष बने संजीव

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अवस्थी जी के मार्गदर्शन में ब्लाक




इकाई छुरिया का गठन हुआ जिसमें युवा पत्रकार संजीव गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इस नियुक्ति पर संघ के पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने श्री गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। नियुक्ति पश्चात अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने कहा कि सर्वसम्मति से जल्द ही अन्य पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा । इस अवसर पर राजनांदगांव जिला प्रभारी ललित साहू, राजनांदगांव जिलाध्यक्ष राम साहू,एवं राधेश्याम शर्मा, शीशपाल साहू, रोहित सिन्हा, अकील मेमन, मनभावन उइके, कैलाश गुप्ता, ताहिर खान, मुजम्मील खान, मुकेश साहू, उपस्थित रहे।

## शिवालयों में गूंजा हर-हर महादेव



**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन माह प्रथम दिवस सोमवार 22 जुलाई 2024 को शहर के सभी शिवालयों में बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना विधि-विधान से की गई । भक्तों द्वारा भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक , दुग्धाभिषेक , बेलपत्र , कनेर , फुडहर धतूरा पुष्प श्रीफल आदि भेंट कर कपूर दीप से आरती किये है । रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लतारानी लाल जे के वैष्णव ने जानकारी दी कि सावन माह 2024 में पांच सोमवार पड़ने पर भोलेशंकर की पूजा होगी । पं प्रदीप मिश्रा जी के जून 2024 में गंडई में शिव महापुराण कथा से भक्तों बच्चों द्वारा बड़ी संख्या में श्री शिवाय नमस्तुभ्यं पाठ से मंदिर परिसर गुंजित रहा है । सावन माह प्रथम दिवस सोमवार को अच्छी बारिश में भक्त गण भोलेनाथ की पूजा प्रसन्नता से किए। प्रतिवर्ष अनुसार महिला रामायण मंडली बाईसाहब मंदिर एवं बजरंग रामायण मंडली जस समिति छुईखदान द्वारा सभी मंदिरों में जाकर भजन कीर्तन किया जाता है । शिवालयों सहित शहर में भक्त जन द्वारा ऊं नम: शिवाय , हर हर महादेव की भक्ति भाव से गूंजित रहा। भक्त जनों द्वारा द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा , महामृत्युंजय मंत्र जाप , श्री शिव चालीसा पाठ एवं शिव तांडव स्तोत्र पाठ किया जाता है ।

## भाजपा निगम की सत्ता हथियाने परिसीमन को बना रही हथियार - नीरज कन्नौजे



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व कांग्रेस के युवा नेता नीरज कन्नौजे ने अपने एक जारी बयान में कहा कि शहर के सभी 51 वार्ड के परिसीमन के आदेश से जनता में नाराजगी देखी जा रही है। कांग्रेस ने वार्डो के परिसीमन को लेकर राज्य की सत्ताधारी भाजपा को ही कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा को इसका सही-सही जवाब देना मुश्किल हो रहा है। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि पूर्ववर्तीय कांग्रेस सरकार द्वारा कराया गया परिसीमन ही उचित था। लेकिन भाजपा को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के परिसीमन से खुद को नुकसान होता नजर आ रहा है। इसलिए भाजपा नगरीय निकायों के सत्ता हथियाना परिसीमन को हथियार बना लिया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार आम जनता को उनकी समस्याओं से भटकाकर परिसीमन के मुद्दे पर उलझाना चाहती है। वार्डों में बिजली, पानी, सड़क, सफाई, नाली आदि की व्यवस्था फेल साबित हो रही है। मौजूदा बरसात में नगरीय निकायों में इसी तरह की बुनियादी समस्याएं व्याप्त है और सरकार को और भाजपा सरकार को अपने संभावित पार्षद प्रत्याशियों को परिसीमन के बहाने लाभ पहुंचाने की सुझी है। जनता भाजपा सरकार की मंशा को आवश्य समझा रही है। आने वाले नगरी निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को सबक सीखकर इसका जवाब देगी। 2011 की जनगणना को आधार बनाकर परिसीमन किया जा रहा है। जबकि अभी वार्डों की जनसंख्या काफी बढ़ चुकी है। इसलिए परिसीमन करना बेमानी भी है। उन्होंने राज्य सरकार को सलाह दी है कि वह परिसीमन पर ध्यान केंद्रित न करके नगर के विकास एवं कर्मचारियों की वेतन आदि सुविधाएं बढ़ने पर ध्यान दें साथ ही रिक्त पदों पर नियुक्ति करें तथा बहुत पुराने हो चुके अफसरो का तबादला कर भ्रष्टाचार पर लगाम कसे।

## बाईक सवार खड़े ट्रक से टकराये, दोनों बाइक सवार की मौत

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बारिश के बीच रविवार रात समीपस्थ ग्राम मोहड़ के पास सडक़ किनारे खड़े बड़े ट्रक के पीछे तेज रफ्तार बाईक सवार घुस गया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बाईक में सवार दो लोगों की मौत हो गई। दोनों बाईक सवार में ग्राम मुचेदंड निवासी कोमल कुमार पिता बिंदा नायक 21 वर्ष और नागेश कुमार पिता संतोष फरदिया 27 वर्ष ने रात्रि 8 बजे डोंगरगांव जा रहे थे पुलिस के अनुसार मोहला चौकी की ओर से रायपुर की ओर जा रही ट्रक क्रमांक सीजी 08 एसी 8558 नगर से लगभग दो किलोमीटर दूर ग्राम मोहड़ के पास सेल्फ खराब होने के कारण स्टेट हाइवे पर सडक़ किनारे खड़ी थी। रात में लगभग 8



बजे चौकी दिशा की ओर से आ रहा बाईक सवार बारिश में कहीं जाने की हड़बड़ी में सडक़ किनारे खड़े ट्रक को नहीं देख पाया और ट्रक के पीछे घुस गया। बाईक का नं. सीजी 04 केटी 4236 था। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बाईक के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाईक चला रहे लगभग 21 और 27 साल के युवक ने सिर और शरीर के अन्य जगह में गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि पीछे बैठा जख्मी हो गया। उसे राहगीरों के मदद से स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया, परन्तु उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। देर रात तक दोनों मृतकों की पहचान हो पाई और पुलिस इस मामले में विवेचना कर रही है।

मृतक युवक का मोबाईल पुलिस को मिला है, लेकिन लॉक होने के कारण युवक और एक अन्य मृतक के नाम पते की जानकारी मिल गया है। मृत युवक सिर्फ बनियान और चड्डा पहना हुआ, था दोनो मृतक का पुलिस ने पंचनामा तैयार कर जांच कर रहे है।



## स्टेशन पारा अंडर ब्रिज का कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधीश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्टेशन पारा अंडर ब्रिज में कुछ दिनों से कार्य बंद होने पर स्टेशन पारा अंडर ब्रिज का कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधीश संजय अग्रवाल से ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली ने स्टेशन पारा में पानी की समस्या को लेकर अवगत कराया। विगत दिनों पानी की समस्या से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा था और आवागमन में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। जिलाधीश ने अधिकारियों को निर्देशित कर समस्या का समाधान करने कहा और कार्य को निरंतर जारी रखने कहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, निगम आयुक्त, शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आसिफअली निगम के इंजीनियर, रेल्वे के अधिकारी एवं इंजीनियर उपस्थित थे।

## महापौर एवं आयुक्त शहर का भ्रमण कर पानी भरान क्षेत्रों का लिया जायजा

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** शासन की मंशानुरूप शहर की ड्रेन व्यवस्था सुचारू रूप से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़ो एवं प्रमुख नालो एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गयी है और वर्तमान में सफाई जारी है। लगातार बारिश होने पर कल शाम रविवार को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता पानी भरान क्षेत्रों में कैलाश नगर, गंज चौक, जनता कालोनी, नंदई, इंदिरा नगर सहित शहर में भ्रमण किये एवं शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्र के नाली नालों की सफाई का निरीक्षण कर जेसीबी से नालो में फसे कचरे निकलवा पानी भरान क्षेत्र से कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी करवाए।



महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता रविवार शाम को अत्यधिक बारिश होने पर शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में पानी भरान की स्थिति का जायजा लिया और पानी भरे क्षेत्रों से जेसीबी के माध्यम से तथा निगम अमला से पानी निकासी कराये। उन्होंने कैलाश नगर में पानी भरने पर नाला के उपर कलवट तोडकर पानी निकासी कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये, वही इंदिरा नगर के नाला व नाली में कचरा फसने पर जेसीबी के माध्यम से नाले में फसे कचरे को निकलवाकर सफाई कराए तथा पानी भरे स्थलो से कच्ची नाली खोद कर निकासी कराया। उन्होंने कहा कि निचली बस्तीयों में अल्प वर्षा में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो जाती है, अत: ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से नाली नालो की सफाई कराए तथा शहर के बड़े नाला व नालियो की अच्छे तरीके से सफाई करे, जिससे पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि गढ्डो में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कराया जाये। सभी वार्डो में नियमित रूप से साफ सफाई कर कचरा उठाया जाये। सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में पानी भरान क्षेत्र को चिन्हांकित कर उच्च अधिकारी को अवगत कराये, जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमिन हुद्दा, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर,श्री तिलक राज ध्रुव व श्री अनुप पाण्डे तथा निगम का अमला उपस्थित था।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com